Sent to DUCC on e-mail

Mr. A.S. Negi / Poonam

दिल्ली सरकार
छात्रवृत्ति योजनाएं 2021–22

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
बी–ब्लाक, द्वितीय तल, विकास भवन, आई0 पी0 एस्टेट, नई दिल्ली–110002

फ.स. **DSCST/Sch./2020-21/11155** दिनांक: 28/12/2021

सेवा में,

कुल सचिव
दिल्ली विश्वविद्यालय,
मौरिस नगर, दिल्ली 07

RO

विषयः दिल्ली निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतू छात्रवृत्तियों की प्रचार प्रसार तथा वर्ष 2021–22 हेतू योजनाओं के आरंभ होने की जानकारी।

महोदय,

दिल्ली सरकार के निर्देश पर मैं आपको अवगत करा रहा हूँ, कि दिल्ली राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए, कुल 09 प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाएं दिल्ली राज्य में लागू हैं, जिसमें 5 छात्रवृत्तियां, दिल्ली सरकार की वित्तिय सहायता से तथा शेष 4 दिल्ली राज्य व केन्द्र सरकार (समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) द्वारा संयुक्त वित्तिय सहायता से संचालित की जाती है। इन छात्रवृत्तियों को दिल्ली राज्य में संचालित करने हेतू यह विभाग व्यवस्थापक/नोडल विभाग के रुप में कार्य करता है।

दिल्ली सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की उन्नति, तरक्की व उनके जीवन स्तर को उंचाइयों पर ले जाने हेतू इन योजनाओं को उक्त समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक ले जाने के लिए तत्पर है तथा लाभार्थियों की संख्या में बढोत्तरी हेतू विशेष अभियान चला रही है। जिसके लिए इन योजनाओं के प्रचार प्रसार की आवश्यकता को देखते हुए निवेदन है कि आप अपने सम्बन्द्ध कॉलेजों में संबंधित नोडल अधिकारियों को लाभार्थी समुदाय के छात्रों को इन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा कर योग्य प्रार्थियों को उनका लाभ उठाने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें।

वर्तमान में छात्रवृत्ति की योजनाएं विद्यार्थियों हेतू वर्ष 2021–22 के लिए दिनांक 31–01–2022 तक खुली हुई है, जिसकी जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.scstwelfare.delhigovt.nic.in** पर उपलब्ध है। इस संबंध कोई भी पूछताछ (हेल्पलाईन) 011–23379512 से प्राप्त की जा सकती है।

योजनाओं की संपूर्ण जानकारी का साहित्य संलग्न है

अतः इन योजनाओं की सफलता हेतू आपका सहयोग/मार्गदर्शन अपेक्षित है।

निवेदक

मनोज कुमार
उप–निदेशक (छात्रवृत्ति)

DR(Sch)

दिल्ली विश्वविद्यालय/University of Delhi
04 JAN 2022
डायरी सं. / Diary No. 3930

R-38 /1/22